
डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
बिहार
दैनिक
पटना, 05 मार्च, रविवार, 2023





## संपादक की कलम से




हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं। कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-



**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ0 संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278

**राहुल गांधी जी ने कैम्ब्रिज में कहा– दुनिया के लोकतांत्रिक देशों को उत्पादन बढ़ाना पड़ेगा ताकि लोगों को नौकरियां मिले, उनकी आय बढ़े। यह जरूरी है क्योंकि आर्थिक असमानता बढ़ गई है, सिर्फ 1% लोगों के पास 40% संसाधन है। इस बात से क्या आपत्ति हो सकती है?**



**लंदन में इंडियन जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के साथ विस्तृत श्रृंखला के विषयों पर एक उत्कृष्ट बातचीत हुई, जिसमें मैंने भारत जोड़ो यात्रा से अपने सीखने और सीखने को भी साझा किया। एक स्वतंत्र और फेयर मीडिया, जो विभिन्न मतों को स्थान देता है और बातचीत के निर्माण में मदद करता है, एक प्रगतिशील और लोकतांत्रिक विश्व व्यवस्था की ओर झुकाव है।**













# जबरदस्ती का व्यवहार लोकतंत्र के लिए अजनबी है




रणदीप सिंह सुरजेवाला और सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से सीएम आवास तक मार्च निकाला गया। कर्नाटक के बसवराज बोम्मई। मार्च का मुख्य योजना यह है कि सी.एम. बीजेपी विधायक के प्रशांत महल को बचा रहे हैं। इस शख्स को रिश्वत निरोधक संस्था के लोकायुक्त ने 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। और मार्च करने वाले नेता कर्नाटक के लोग इस्तीफा देने की मांग कर रहे थे। और आखिरकार सभी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मोदी सरकार में यह भ्रष्टाचार और धोखे के खिलाफ आवाज उठाने की कीमत है। नजरबंद खुले तौर पर जनता और धारणा के प्रति लोगों के प्रति जबरदस्ती के लिए वह प्रतिबिंबित हो रही है। इस तरह का व्यवहार वास्तव में देश के लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

---




पहले आप, बड़ी इकॉनमी






रोहतक में दलित एवं पिछड़ा वर्ग एकता मंच द्वारा आयोजित सोनीपत, रोहतक लोकसभा की प्रतिनिधि कार्यकर्ता बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यकर्ता बैठक के आयोजनकर्ता अनिल सैनी जी, पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा जी, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा जी, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी जी, हरियाणा कांग्रेस लीगल विभाग के चेयरमैन लाल बहादुर खोवाल जी, राम निवास राडा जी, भूपिंदर गंगवा जी, सुशील सैनी जी, प्रमोद सिंहपुरिया जी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।







## पदाधिकारी बनाने से पहले परख लेना चाहिए कितना गुणवान व्यक्ति हैं।

– : संगठन : –
संगठन में कायदा नही,
व्यवस्था होती है..
संगठन में सूचना नही,
समझ होती है..
संगठन में कानून नही,
अनुशासन होता है..
संगठन मे भय नही,
भरोसा होता है..
संगठन मे शोषण नही,
पोषण होता है..
संगठन मे आग्रह नही,
आदर होता है..
संगठन मे सम्पर्क नही,
सम्बन्ध होता है..
संगठन मे अर्पण नही,
समर्पण होता है..
इसलिये स्वयं को
संगठन से जोड़े रखें..
जय हिन्द !

**राम कुमार आजाद**
**सेवादल, बिहार!!**





कर्नाटक के कोप्पल में कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग ने चिंतन शिविर का आयोजन किया और विभिन्न मुद्दों पे चर्चा की। इस शिविर में क. राघवेंद्र हितनल जी, प्रदेश प्रभारी जीनल गाला जी और प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल जब्बार जी मौजूद रहें।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया नरेंद्र मोदी का पुतला दहन

पटना । कांग्रेस दर्पण

**पटना सिटी :** बढ़ती मंगाई की मार अब बर्दास्त नहीं. जनता अब हो गयी है व्याकुल. सत्ता में सोयी अंधी, बहरी, गूंगी सरकार के कानों में जू नहीं रेंग रहा है. दिन प्रतिदिन आम आदमी पर लगातार आर्थिक बोझ थोप रही है. केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस पर प्रति सिलिंडर 50 रुपये की बेतहाशा मूल्य वृद्धि के खिलाफ आज पटना साहिब विधान सभा में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने विरोध मार्च निकाल कर नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया. देश की बढ़ती हुई महंगाई बेरोजगारी के साथ–साथ गैस सिलेंडर का रेट बढ़ाए जाने के विरोध में आज पटना साहिब स्टेशन के समीप देश के प्रधान चौकीदार का पुतला दहन किया गया. पुतला दहन कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रदेश सचिव डॉ. विनोद कुमार अवस्थी ने कहा कि एक तरफ बेरोजगारी और महंगाई को लेकर परेशान है उस पर से घरेलू गैस सीएनजी बैंक के कर्ज में इंटरेस्ट का बढ़ जाना जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है हम जनता के लिए जनता के हक के समर्थन में यह लड़ाई सदैव कांग्रेस गठबंधन लड़की रहेगी.



चौक मालसलामी प्रखंड अध्यक्ष अजय जायसवाल, पूर्व प्रदेश सचिव मनोज मेहता, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कसेरा के अगुवाई में यह कार्यक्रम किया गया. पटना साहिब स्टेशन के समीप सड़क पर घंटों प्रदर्शन कर मुर्दाबाद के नारे लगाए गए. कार्यक्रम में प्रधान मंत्री हाय–हाय, जब से मोदी सरकार आई है महंगाई बढ़ाई है. होली से पहले महंगाई का झटका घरेलू सिलेंडर पर ?50 हुआ महंगा. कांग्रेसियों ने गैस सिलेंडर के साथ गरीब विरोधी सरकार हाय हाय का नारा लगाया.

इस मौके पर अभय जायसवाल, डॉ. विनोद कुमार अवस्थी, पार्षद मनोज मेहता, सुजीत कसेरा, कौशल किशोर सहाय, सुभाष मेहता, प्रदीप यादव, मनीष गौतम, डॉ. तुषार आर्य, यश्लोक विद्यार्थी, पप्पू गुप्ता, अरविन्द प्रसाद, मो वकील, विजय प्रसाद, मुन्ना कुमार, आदित्य अवस्थी समेत दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित थे.




राहुल कुमार झा ने कहा कि इस तानाशाह केंद्र सरकार ने अडानी के शेयर गिरने के प्रतिशोध जनता से लेने के लिए रसोई गैस के दामों में भारी बढ़ोतरी की है । युवा कांग्रेस ने आज पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता की आवाज़ उठाने के लिए राहुल कुमार झा प्रदेश सचिब के नेतृत्व में लहेरियासराय टाबर पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सरकार को तुरंत बढ़े हुए दाम वापस लेने चाहिए ।

## देश के भावी प्रधानमंत्री श्री राहुल गांधी के पास दुरगामी सोच

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

देश के भावी प्रधानमंत्री श्री राहुल गांधी के पास देश को आगे ले जाने और चलाने का अनुभव पुरे तरीके से भरा हुआ है 2024 मे अगर भारत की जनता उनके हाथ मे सत्ता सौंपती है तो उनका जो दूरगामी सोच है उससे देश का भविष्य सुधरेगी सब जानते है कि करोना काल से 6 महिना पहले ही राहुल गांधी जी ने सुझाव दिए थे लेकिन उस समय सरकार ने इनके बातो को नही मानी नतीजा यह रहा की लाखो लोगो की जान चली गई उसी तरह आर्थीक तंगी पर मंहगाई और बेरोजगारी पर भी श्री राहुल गांधी जी ने कई सुझाव दिए लेकिन सरकार इनकी बातो को अनदेखी कर दी नतीजा आप लोगो के सामने है आज देश विकट प्रस्थिति से गुजर रही है ताजा मे देख लिजिए एक मामला उन्होंने अडानी को लेकर फिर उठाऐ है बैक सारे पैसे अडानी ग्रूप पर लगा रही है लेकिन उस ग्रूप का शेयर बाजार लगातार गिरते ही जा रही है इससे देश की जनता का ही नुकसान होते जा रहा है लेकिन सरकार मानने



को तैयार नही राहुल जी हमेशा सत्त की अवाज बुलन्द करते आऐ है इस मे फी हमारे नेता का बात सच होगा विना प्रधानमंत्री बने देश के हित के लिए इतना सोच सकते है तो अगर आप इनको प्रधानमंत्री बना कर देश चलाने का मौका देंगे तो जनता का भविष्य उज्जवल होगा

**रवि गोल्डन कुमार**
**प्रदेश उपाध्यक्ष OBC कांग्रेस**

## कर्नाटक में भाजपा विधायक का बेटा रिश्वत लेते हुआ गिरफ्तार

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से घिर गई है। अपने बेटे के 40 लाख रुपये की रिश्वत लेने में गिरफ्तार होने के बाद भाजपा विधायक मंडल विरुपक्षप्पा ने सरकारी कंपनी केएसडीएल के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। युवा कांग्रेस नेता नूर आलम शेख़ जी ने कहा कर्नाटक के दावणगेरे जिले की चन्नागिरी सीट से विधायक विरुपक्षप्पा ने एक मित्र के हाथों अपना इस्तीफा सीएम कार्यालय भिजवाया है। वहीं कर्नाटक की भाजपा सरकार का कहना है कि वह निष्पक्ष जांच कराएगी। विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत के घर और दफ्तर से कुल मिलाकर आठ करोड़ रुपये से ज्यादा अघोषित नकदी बरामद हो चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को उखाड़ कर कांग्रेस पार्टी और एवं कर्नाटक की जनता फेंकने का काम करेगी




हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करने का काम करेगी और आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में हाथ से हाथ जोड़ कर राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री बनाना हैं जय कांग्रेस जय बिहार प्रदेश

**नूर आलम शेख़ युवा कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अध्यक्ष जिला सीतामढ़ी**

## आई एन एस विक्रांत ने बढ़ाई समुद्र में भारत की ताकत और प्रतिष्ठा

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

भारतीय नौसेना के पहला विमान वाहक पोत आई एन एस विक्रांत 1961 में आज ही के दिन प्रधानमंत्री नेहरू जी के हाथों भारत के समुद्र में उतरा था इसे ब्रिटेन से 1957 में खरीदा गया था इसने समुद्र में भारत की ताकत और प्रतिष्ठा बढ़ाई 1971 के युद्ध में आई एन एस विक्रांत की उपस्थिति में पाकिस्तान की हालत खराब कर दी थी। दुनिया के बड़े–बड़े देश भारत से थर्राने लगे थे।लेकिन 2014 में एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री मोदी जी आई एन एस विक्रांत के ऊपर सवार होकर जोर जोर से बोलने लगे कांग्रेस ने पिछले 70 साल में कुछ नहीं किया जबकि कांग्रेस के द्वारा



खरीदा गया आई एन एस विक्रांत पर खुद थे सवार

**–साकेत कुमार नेता भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन बेगूसराय।**

# 02, गया स्नातक एवम् शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव की नामांकन एवम् चुनाव की तिथियों के बीच होली, रामनवमी तथा अन्य छुट्टियों होने से उम्मीदवार एवं मतदाताओं के बीच चर्चा का विषयः कांग्रेस

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

चुनाव आयोग द्वारा मई माह में रिक्त होने वाले 02, गया स्नातक, शिक्षक सहित बिहार के पांच विधान परिषद सीटों पर चुनाव की तिथि घोषित हो गई है, परंतु नामांकन की तिथि 06 से 13 मार्च के बीच आठ दिनों में चार दिन होली, दूसरा शनिवार, रविवार के चलते चार दिन नामांकन बंद रहेगा, तथा चुनाव यानी 31 मार्च के एक दिन पहले यानी 30 मार्च को रामनवमी पर्व है, जो स्नातक एवम् शिक्षक मतदाताओं के बीच काफी चर्चा का विषय है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता सह स्नातक मतदाता जागरूकता अभियान के संयोजक प्रो विजय कुमार मिठू , पूर्व विधायक मो खान अली, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राम उदय प्रसाद, प्रो विश्वनाथ कुमार, प्रो अनिल कुमार सिन्हा, आदि ने कहा की किसी भी चुनाव के लिए दिए जाने वाले आठ दिनों के समय में चार दिन की छुट्टी वाली तिथि तय करना आश्चय का विषय है, साथ ही साथ चुनाव के एक दिन पहले महान पर्व रामनवमी



जिसकी भव्य जुलूस या तो उसी दिन, या कही, कहीं दूसरे दिन जुलूस निकाला जाता है, इससे स्नातक एवम् शिक्षक मतदाता काफी अचंभित है की जब पूरा अप्रैल एवम् आधा मई यानी एक माह से ज्यादा अनुकूल समय रिक्ति के पहले की होने के बाद भी आयोग द्वारा ऐसी तिथि अखिल क्यों घोषित किया गया।

नेताओ ने मुख्य चुनाव आयुक्त, चुनाव आयुक्तों, एवम् बिहार चुनाव आयोग के चुनाव आयुक्त तथा निर्वाची पदाधिकारी से इस बिंदु पर विचार करने की मांग किया है।

**भवदीय**
**विजय कुमार मिठू**

# धार्मिक कट्टरता देश के विकास में बाधक साबित हो सकता है

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार के सीमांचल में मुसलमानों की जनसंख्या विस्फोटक हो रही है अगर जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून नहीं बनाया गया तो अगले 20 बरस में बिहार का सीमांचल कश्मीर बन जाएगा उक्त बातें बेगूसराय शहर में आकर विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने कही,तोगड़िया जी को यह बातें भाजपा शासित यूपी में प्रचारित करना चाहिए भाजपा शासित गुजरात में प्रचारित करना चाहिए उन्हें बिहार में एनडीए की सरकार रहते गली–गली में इस तरह का प्रचार करना चाहिए था भाजपा वोट के लिए धर्म की राजनीति करते रहा है जो निंदनीय है.. यों तो पूरा एनडीए कुनवा ही धर्म आधारित राजनीति कर रहा है।

देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी ने कहा धर्म का जहाज हिलता–डुलता है पर डूबता नहीं।

भोपाल के कुशाभाऊठाकरे सभागार में शुक्रवार को सातवें अंतरराष्ट्रीय धर्म धम्म सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कही उन्होंने कहा कि धर्म की आधारशिला मानवता पर टिकी है राग द्वेष से मुक्त होकर अहिंसा की भावना से व्यक्ति एवं समाज का निर्माण करने का संदेश और नैतिकता पर आधारित व्यक्तिगत आचरण एवं समाज पूर्व के मानवतावाद का प्रमुख व्यवहारिक रूप रहा है।

उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था में धर्म धम्म का ही प्रभाव है कि हमारा राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह सारनाथ के अशोक स्तंभ से लिया गया है का जिक्रअपने सम्बोधन में की।



लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के पीछे देव् वाक्य लिखे जाने का जिक्रकिया जो काँग्रेस कार्यकाल से परंपरा चली आ रही है।

काँग्रेस तो हिन्दू धर्म के साथ–साथ सभी धर्म का सम्मान करती रही।

फिर तोगड़िया जैसे,गिरिराज बाबू जैसे नेताओं के बड़बोलेपन की क्या आवश्यकता।

क्या आवश्यकता है इस भौतिकता वादी युग में प्राचीन ग्रंथों की समीक्षा जिस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघसंचालक मोहन भागवत ने धर्म ग्रंथों की दोबारा समीक्षा करने की बात दुहराई। जो राजनीति से प्रेरित है....

**-रणजीत कुमार मुखिया जी,पूर्व जिला सचिव बेगूसराय काँग्रेस**



आज अरवल में एडवोकेट रामदयाल पांडे जी के गृह प्रवेश में शिरकत करते कांग्रेसी नेता राम विनय सिंह यादव, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद निसार अख्तर अंसारी, मोहम्मद जावेद अंसारी, संजय सिन्हा, पप्पू यादव।



बेगूसराय जिले के तेघरा विधानसभा क्षेत्र में पंच तेघरा प्रखंड सह नगर काँग्रेस समुदाय द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया गया।